गोरखनाथ, भा.प्र.से.
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया

बिहार सरकार

दूरभाष :– 06454– 243199 (O)
06454– 242246(R)
मोबाईल– 9473191432
ई–मेल:– divcom-purnea-bih@nic.in

पत्रांक:..............................

प्रेषक,

आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी / पुलिस अधीक्षक,
पूर्णिया / कटिहार / अररिया / किशनगंज।

पूर्णिया,दिनांक......../......../2022

विषय :– **वर्ष 1990 के बाद सृजित प्रखंड–सह–अंचल में स्थित पुलिस शिविर (ओ.पी.) को पुलिस थाना बनाने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वर्त्तमान में भूमि की कीमत बढ़ने के साथ–साथ भूमि विवाद की भी समस्याएं बढ़ती जा रही है, जिसके कारण विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो रही है। भू–विवाद से संबंधित मामलों के सुनवाई हेतु प्रखंड–सह–अंचल स्तर पर अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को इसके निदान हेतु राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा दायित्व सौंपा गया है। विभिन्न नवसृजित अंचलों में अभी भी पुलिस शिविर (ओ.पी.) ही स्थापित है और वह पुलिस थाना के रूप में स्थापित नहीं की गयी है, जबकि इस संबंध में अलग–अलग कई पत्र विभिन्न पुलिस अधीक्षकों, जिला पदाधिकरियों एवं पुलिस महानिरीक्षक, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ द्वारा राज्य सरकार को प्रेषित की गयी है। पर अधिकतर मामलों में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

2. नवसृजित प्रखंड तथा अंचलों में स्थापित पुलिस शिविर (ओ.पी.) को पुलिस थाना बनाया जाना, भुमि विवाद को निपटाने एवं विधि व्यवस्था को संधारित करने के दृष्टिकोण से आवश्यक है। उक्त स्थिति में पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ के सभी जिलों में स्थित नवसृजित प्रखंडों–सह–अंचलों में स्थापित पुलिस शिविर (ओ.पी.) को पुलिस थाना बनाने हेतु जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अपने स्पष्ट अनुशंसा के साथ समेकित रूप से पूरे जिले का प्रस्ताव पुलिस महानिरीक्षक, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ के माध्यम से भेजा जाय ताकि पूरे प्रमंडल का समेकित रूप से प्रस्ताव गृह विभाग, बिहार, पटना को भेजा जा सकें।

3. अनुरोध है कि उपर्युक्त निदेश के अनुरूप इस प्रमंडल के सभी नवसृजित प्रखंड–सह–अंचल में स्थित पुलिस शिविर (ओ.पी.) को पुलिस थाना बनाने हेतु अपने अनुशंसा के साथ स्पष्ट प्रस्ताव एक पक्ष के अंतर्गत भेजने की कृपा की जाय।

ह0/
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक....161.......पूर्णिया, दिनांक...20.../..07../2022

प्रतिलिपि :– पुलिस महानिरीक्षक, पूर्णियाँ क्षेत्र, पूर्णियाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि वर्णित तथ्यों के अनुरूप पूरे प्रमंडल का समेकित प्रस्ताव प्राप्त कर यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

20/7/22
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।